# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, थत्यूड़, (टिहरी गढवाल)।

E-Mail- eepwdthatyur@rediffmail.com

Phone & Fax:- 01376-246321


दिनांक 23/09/2019

पत्रांक 1397/21 सी0

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वनप्रभाग मसूरी।

विषय :– जनपद टिहरी गढवाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी विकासखण्ड जौनपुर के अन्तर्गत रिंगालगढ से दडक मोटर मार्ग (कुल लम्बाई 3.00 किमी0) के निर्माण हेतु वांछित 2.295 है0 वनभूमि का वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0, को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव। प्रस्ताव सं0 **(FP/UK/RAOD/13390/2015)**

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून, की पत्रांक सं0 8बी0/यू0सी0पी0/06/102/2018/एफ0सी0/814, दिनांक 19.07.2019 तथा आपका पत्रांक 891/12–1, दिनांक मसूरी 02.09..2019।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि **<u>रिंगालगढ से दडक मोटर मार्ग</u> FP/UK/RAOD/13390/2015** के द्वारा फाईल ऑनलाईन की गयी थी, जिसमें उक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में आपके द्वारा जो कमिंया पायी गयी थी, उसके सापेक्ष KML File में ग्राम रिंगालगढ एवं दड़क को Polygon में अंकित करते हुए भाग–1 में यथास्थान अपलोड कर दिया गया है। भारत सरकार द्वारा पत्र में उल्लिखित बिन्दु संख्या02 में किये गये उल्लेख के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि मार्ग संरेखण वन रहित भूमि (Non forest land) जो मुख्यतः नापभूमि है, में किये जाने से इसकी लम्बाई अत्यधिक बढ जायेगी जिसमें प्रवेश करने हेतु वनभूमि से होकर गुजरना पड़ेगा साथ ही ग्राम दड़क पहुँचने हेतु पुनः वनभूमि में होकर गुजरना पड़ेगा, जिस कारण संरक्षित वनभूमि को अधिक क्षति होने की सम्भावना है और इसके साथ ही मार्ग निर्माण की लागत भी अत्यधिक बढ़ जायेगी। वर्तमान संरेखण पूर्व में निर्मित ग्राम के सम्पर्क मार्ग पर ही किया गया है जिस कारण वृक्षो को कम क्षति होगी।

(हस्ताक्षर) 23/09/19
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि
थत्यूड़ (टिहरी गढ़वाल)।

पत्रांक /21 सी0 दिनांक / /2018

प्रतिलिपि :–
1. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
2. सहायक अभियन्ता, चतुर्थ, अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड को सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्री अनुराग त्रिपाठी, कनिष्ठ अभियन्ता,/खण्डीय अमीन, अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि
थत्यूड़ (टिहरी गढ़वाल)।



Scanned by CamScanner